आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 03.04.2024

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन पत्र दाखिल करने का कल अंतिम दिन–अब तक पैंतीस उम्मीदवारों ने भरा नामांकन।

2– निर्वाचन आयोग ने चुनाव में भ्रामक सूचनाओं को रोकने के लिए ''मिथ वर्सेस रियलिटी'' प्लेटफॉर्म की शुरूआत की।

3– बीजापुर जिले में कल सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़कर तेरह हुई–आज तीन और शव बरामद किए गए।

4– प्रदेश में छह अप्रैल से वर्षा की गतिविधियां फिर से शुरू होने की संभावना।

<u>नामांकन प्रक्रिया</u>

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन पत्र दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। राज्य के सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रुपेश वर्मा वर्मा ने आज एक पत्रकारवार्ता में बताया कि इन निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक पैंतीस उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। इनमें राजनांदगांव और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से तेरह–तेरह, और कांकेर निर्वाचन क्षेत्र से नौ अभ्यर्थियों ने नामांकन भरा है। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। अभ्यर्थी आठ अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

इस बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज महामसुंद में भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी की नामांकन रैली में शामिल हुए। श्री साय ने आज सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के पवनी में जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े में पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया।

वहीं, राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय कल रैली निकालकर नामांकन दाखिल करेंगे। राजनांदगांव में आयोजित पत्रकारवार्ता में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि इस रैली में पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित पार्टी के अनेक नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि छह अप्रैल को कवर्धा में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में सभा लेंगे।

<u>''मिथ वर्सेस रियलिटी''</u>

निर्वाचन आयोग ने चुनाव में भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने के लिए ''मिथ वर्सेस रियलिटी'' के नाम से एक प्लेटफॉर्म की शुरूआत की है। इसे निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इस प्लेटफॉर्म के जरिये सूचनाओं की पुष्टि, भ्रामक सूचनाओं और मिथकों के प्रसार पर रोक लगाने तथा आम चुनाव के दौरान प्रमुख मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके माध्यम से चुनाव से जुड़ी भ्रामक सूचनाओं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चल रहे मिथकों, महत्वपूर्ण विषयों के बारे में आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों तथा सभी संबंधित पक्षों के लिए विभिन्न वर्गों के अंतर्गत संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इस प्लेटफॉर्म पर सूचनाओं को नियमित आधार पर अपडेट किया जायेगा।

सेवा मतदाता–डाक मतपत्र

प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने डाक विभाग के अधिकारियों से सेवा मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्रों के वितरण के लिए नोडल अधिकारी और पोस्टमैन नियुक्त करने को कहा है। यह बात श्री क्षीरसागर ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सेवा मतदाताओं से डाक मतपत्रों की वापसी के संबंध में आयोजित बैठक में कही। बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि नियुक्त पोस्टमैन संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में प्रतिदिन दोपहर तीन बजे डाक मतपत्र वितरित करेंगे। उन्होंने मतगणना के दिन निर्धारित समय पर डाक मतपत्र वितरण के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

चरणदास महंत–शिकायत

भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने अभद्र और विवादित टिप्पणी किए जाने को लेकर कांग्रेस नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि डॉक्टर महंत नेता प्रतिपक्ष के पद पर पदासीन हैं। इसके बावजूद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित बयान दिया। उन्होंने आरोप लगाया है कि राजनांदगांव के स्टेट हाईस्कूल मैदान में आयोजित चुनावी सभा में डॉक्टर महंत ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र और विवादित बयान दिया था।

इस बीच, डॉक्टर महंत ने कहा कि भाजपा उनके वक्तव्य को तोड़–मरोड़कर पेश कर रही है। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि उनके सहज और विशुद्ध छत्तीसगढ़ी मुहावरे को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री–पत्रकारवार्ता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज महासमुंद में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनकी सरकार नक्सलवाद से मजबूती से लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कैम्प अब सुविधा कैम्प के रूप में विकसित हो गए हैं, जहां आदिवासी जनता की बुनियादी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। श्री साय ने बीजापुर जिले में हुई मुठभेड़ का जिक्र करते हुए सुरक्षा बल के जवानों के शौर्य और मनोबल की प्रशंसा की।

नितिन नबीन–बैठक

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कल राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत डोंगरगढ़, डोंगरगांव, खुज्जी और मानपुर–मोहला विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियो की बैठक ली। बैठक में नामांकन और आगे की गतिविधियों को लेकर रणनीति बनाई गई। साथ ही आगामी दिनों में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय नेताओं के कार्यक्रम और सभाओं को लेकर भी चर्चा की गई।

माओवादी मुठभेड़–शव बरामद

बीजापुर जिले के कोरचोली और लेण्ड्रा के जंगलों में कल सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए तीन और माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इस तरह इस मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़कर तेरह हो गई है, जिनमें तीन महिला माओवादी भी शामिल हैं। घटनास्थल की तलाशी के दौरान मौके से सुरक्षा बलों ने एलएमजी, थ्री नॉट थ्री रायफल, बारह बोर की बंदूक, तीन नग बैरेल ग्रेनेड लॉन्चर सहित आठ हथियार, विस्फोटक सामग्री, माओवादी वर्दी और दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया है।

इसी जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में प्रेशर बम की चपेट में आने से कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए रायपुर लाया गया है।

मतदाता जागरूकता–01

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत रायपुर कलेक्टर औरं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर गौरव सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता के लिए आज बाईक रैली निकाली गई। इस रैली को कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश हेमंत श्राफ ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्टोरेट परिसर से शुरू हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए तेलीबांधा तालाब में संपन्न हुई। इस मौके पर कलेक्टर ने लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रसिद्ध कवि अभय निर्भीक ने अपनी कविता ''लोकतंत्र के महापर्व का मान जरूरी है, सौ प्रतिशत मतदाता का मतदान जरूरी है'' के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस दौरान तेलीबांधा तालाब के पास जुंबा और नुक्कड़–नाटक के माध्यम से भी लोगों को मतदान का महत्व बताया गया।

वहीं, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में मनरेगा श्रमिकों, महुआ बीनने वाले ग्रामीणों और स्व–सहायता समूहों की महिलाओं को उनके कार्यस्थल पर ही शत–प्रतिशत मतदान के जागरूक किया गया। साथ ही उन्हे स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले में बैगा जनजाति, दिव्यांग, युवा और नवविवाहित मतदाताओं को मतदान के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जा रहा है।

इसी तरह, बालोद जिले में एक ओर जहां जिला प्रशासन द्वारा मानव श्रृंखला, रैली सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर विशिष्ट लोगों को ब्रांड एंबेसडर के रूप में भी नियुक्त किया गया है। इसके तहत दल्लीराजहरा में ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह अनोखे तरीके से जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं। श्री सिंह अपने साथियों के साथ इन दिनों शादी–ब्याह वाले घरों में मतदान जागरूकता के लिए स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही शादी के मंडप में जगह–जगह पोस्टर–पाम्पलेट लगा रहें हैं और नवविवाहित जोड़ों के माध्यम से विवाह कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

मतदाता जागरूकता–02

स्वीप कार्यक्रम के तहत मुंगेली जिले में यात्री वाहनों में स्टीकर चिपकाकर शत–प्रतिशत मतदान का संदेश दिया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि यात्री वाहनों में मेरा वोट–मेरा भविष्य और सशक्त लोकतंत्र जैसे नारे लिखे हुए स्टीकर चिपकाकर मतदाताओं को सात मई को होने वाले चुनाव में वोट देकर अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसी जिले के लोरमी में रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। यह रैली पुराना बस स्टैंड से शुरू हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए नगर पालिका परिषद कार्यालय में संपन्न हुई। इस दौरान आम लोगों तथा व्यापारियों को चुनाव में निर्भीक होकर बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। वहीं, दीवारों पर मतदाता जागरूकता स्टीकर भी चिपकाए गए।

वहीं, मोहला–मानपुर में जिला प्रशासन, जनपद पंचायत और पुलिस प्रशासन द्वारा गोटाटोला हाट बाजार में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर रैली निकालकर और मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान का महत्व बताया गया। इस दौरान चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

इसी तरह, जांजगीर–चांपा जिले में ''कोसा कांसा कंचन, वोट करेगा जन–जन'' के तहत मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत बलौदा जनपद पंचायत बलौदा के कुलिपोटा, और पोंच सहित विभिन्न गांवों में मनरेगा मजूदरों को कार्यस्थल पर मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

उधर, बस्तर जिले के तोकापाल में कॉलेज के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने रैली निकाली। इस दौरान नारों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर तोकापाल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर टी.आर. रात्रे ने लोगों को चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई।

मौसम

प्रदेश में छह अप्रैल से वर्षा की गतिविधियां फिर से शुरू होने की संभावना है। इससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी हवा का प्रभाव बने रहने के कारण प्रदेश में कल चार अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों तक कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

संक्षिप्त समाचार

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के पेंड्रा रोड स्थित गुरुकुल विद्यालय छात्रावास में प्रवेश के लिए पांच अप्रैल से तीस मई तक आवेदन जमा किए जा सकते हैं।

– बलरामपुर जिले के चिनिया गांव से लगे जंगल में हाथियों के हमले में एक महिला की मौत हो गई। यह महिला महुआ बीनने जंगल गई थी। वन विभाग के अनुसार नौ हाथी क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। विभाग ने आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दी है।

– दुर्ग जिले की भिलाई नगर पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से रूपये दोगुना करने का झांसा देकर दस लाख रूपये की ठगी करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

– बिलासपुर जिले के चकरभाठा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब अट्ठारह लाख रूपये का कबाड़ जब्त किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>